# यदि आपने इनमें से किसी का सामना किया हो यौन हमला, अंतरंग साथी की हिंसा, या छिपकर पीछा करना

### तात्कालिक कदम

- **किसी सुरक्षित स्थान पर जाएं।** अपने RA के कमरे, किसी दोस्त के कमरे, या कि परिसर के किसी खुले कार्यालय में।
- **अपने किसी भरोसेमंद को कॉल करें।** एक दोस्त, पारिवारिक सदस्य, या पीड़ितों का वकील अच्छे संसाधन हैं। आपको सिर्फ इसी पर विचार करने की ज़रूरत नहीं है।
- **सबूत सुरक्षित रखें।** यौन हमले के बाद, तब तक न नहाएं जब तक कि आपने इस पर विचार न कर लिया हो कि यौन हमले की मुफ्त फ़ॉरेंसिक जांच करानी है या नहीं
  वह भी हमले के 120 घंटे के भीतर। आपको इसकी कोई ज़रूरत नहीं कि कोई औपचारिक रिपोर्ट करें या कि यौन हमले के आरोपों की फ़ॉरेंसिक जांच कराने का दबाव बनाएं। उन कपड़ों को किसी अखबार या कपड़े के थैले में (बिना धुले) सुरक्षित रखें, जिन्हें आपने पहन रखा था। यौन हमले, अंतरंग साथी की हिंसा, और/या छिपकर पीछा किए जाने के बाद, किसी भी क्षति या चोट का फोटो लें और संवाद से जुड़े अभिलेख (जैसे कि फोन संदेश, ईमेल, पत्र) अपने पास रखें।

### 24 घंटे में

- **सहायता मांगें।** सहायता और सलाह के लिए आप शायद किसी वकील या परामर्शदाता का रुख करना चाहें। वे आपसे अतिरिक्त सहायता सेवाओं और रिपोर्टिंग के लिए आपके विकल्पों के संबंध में बात करेंगे।
- **अनचाहे शारीरिक संपर्क के बाद चिकित्सा देखभाल प्राप्त करें।** एक चिकित्सा प्रदाता शारीरिक चोट, यौन संचारित संक्रमणों, और गर्भावस्था की जांच कर सकता है। आपको इसकी कोई ज़रूरत नहीं कि कोई औपचारिक रिपोर्ट करें या कि चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने के लिए आरोपों को लेकर दबाव बनाएं।

### किसी भी समय

- **एक औपचारिक रिपोर्ट करने पर विचार करें।** आपको यह रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है कि पुलिस और यूनिवर्सिटी दोनों में क्या हुआ। आप तय कर सकते/सकती हैं कि आप किसी जांच प्रक्रिया में कितनी भागीदारी करना चाहेंगे/चाहेंगी।
- **UConn मदद कर सकती है।** परिसर आधारित संसाधन, जैसे कि छात्र कार्यालय (Students Office) के डीन, आपके आवास, कक्षा, काम और भी बहुत कुछ को लेकर आपकी मदद कर सकते हैं। आपको इसकी कोई ज़रूरत नहीं कि कोई औपचारिक रिपोर्ट करें या कि UConn से सहयोगी उपाय और संसाधन प्राप्त करने के लिए आरोपों को लेकर दबाव बनाएं।

# सुरक्षित और सहयोगी समुदाय के लिए UConn की प्रतिबद्धता

**UConn परिसर के वातावरण को यौन उत्पीड़न, अंतरंग साथी की हिंसा और छिपकर पीछा किए जाने से मुक्त बनाने और ऐसा बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी रिपोर्टों को अत्यंत गंभीरता से लिया जाता है। रिपोर्ट करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ प्रतिशोध की सख्त मनाही है।**

*भेदभाव, उत्पीड़न, और संबंधित पारस्परिक हिंसा के विरुद्ध नीति (नीति)* में रिपोर्टिंग, परिसर तक पहुंच पाने और सामुदायिक संसाधनों, जांचों और भी बहुत कुछ के बारे में विस्तृत जानकारी शामिल है।

### सहयोगी उपाय

इस ब्रोशर में सूचीबद्ध संसाधन सहयोगी उपायों की एक श्रृंखला के साथ मदद कर सकते हैं, जिनमें शामिल हैं लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं: चिकित्सा और परामर्श सेवाएं; शैक्षणिक सहायता; अनुपस्थिति की छुट्टियां; काम करने/रहने की स्थितियों और कक्षा के कार्यक्रम (शेड्यूल) में संशोधन; परिवहन, वित्तीय मदद, वीज़ा और आव्रजन मुद्दों को लेकर सहायता; पारस्परिक यूनिवर्सिटी संपर्क-नहीं (नो-कॉन्टैक्ट) पत्रों को कानूनी जामा पहनाना; और कानूनी और पैरवी संबंधी सेवाओं के लिए रेफ़रल।

### कर्मचारी रिपोर्टिंग

*नीति* के अंतर्गत, यौन हमले, अंतरंग साथी की हिंसा, या छिपकर पीछा किए जाने की रिपोर्ट देखने या प्राप्त करते वाले कर्मचारियों को यह घटना संस्थानिक समता कार्यालय (OIE) को रिपोर्ट करनी होगी। अपवादों में गोपनीय और अपवाद कर्मचारी शामिल हैं जैसा कि इस ब्रोशर और *नीति* में निर्धारित किया गया है।

क्लरी अधिनियम के अंतर्गत, कई कर्मचारियों का यह कर्तव्य भी होता है कि वे संघीय कानून के तहत अपराधों की UConn पुलिस को रिपोर्ट करें। उनकी पुलिस रिपोर्ट में दिनांक, समय, स्थान, और घटना की प्रकृति शामिल होगी।

UCONN
UNIVERSITY OF CONNECTICUT

**संस्थानिक समता कार्यालय (Office of Institutional Equity) और पद IX समन्वयक**
WOOD HALL, FIRST FLOOR
241 GLENBROOK ROAD, UNIT 4175
STORRS, CT 06269
860.486.2943


UConn उन सभी लागू संघीय और राज्य कानूनों का अनुपालन करती है जो गैर-भेदभाव, समान अवसर, सकारात्मक कार्रवाई, विकलांग व्यक्तियों को उचित आवास प्रदान करने से संबंधित हैं।
सम्पर्क: संस्थानिक समता कार्यालय (Office of Institutional Equity): (860)496-2943; equity@uconn.edu; http//www.equity.uconn.edu.

8ę2020

UCONN
UNIVERSITY OF CONNECTICUT

# यौन हमला
# अतरग साथी की हिसा
# छिपकर पीछा करना

## रिपोर्टिंग और संसाधन



## यौन हमला* क्या है?

यौन हमले में सहमति के बिना यौन संपर्क और/या संभोग होता है। यौन हमला किसी पर भी हो सकता है, इसका लिंग से कोई संबंध नहीं है।

## सहमति *क्या है?

सहमति सकारात्मक शब्दों या कार्यों का समझ में आने योग्य आदान-प्रदान है, जो कि यौन गतिविधि पर पारस्परिक रूप से सहमत होने की इच्छा को दर्शाता है। सहमति अवश्य ही सूचित, मुक्त और सक्रिय रूप से दी जानी चाहिए। यौन संलिप्तता के प्रत्येक चरण में स्पष्ट और सकारात्मक प्रतिक्रियाएं प्राप्त करना पहल करने वाले की ज़िम्मेदारी है। एक तरह की यौन गतिविधि [जैसे चुम्बन] के यह मायने नहीं है कि अन्य तरह की यौन गतिविधि [जैसे सेक्स] की सहमति है। नकारात्मक प्रतिक्रिया (रिस्पॉन्स) का अभाव सहमति नहीं है। कोई भी ऐसा व्यक्ति जो शराब और/या अन्य मादक द्रव्य (ड्रग्स) के नशे में है, चाहे इसका सेवन स्वैच्छिक रूप से या अनैच्छिक रूप से किया हो, सहमति नहीं दे सकता है। यौन गतिविधि के लिए पिछली सहमति का यह मायने नहीं है कि सहमति आगे भी जारी है।

## अंतरंग साथी की हिंसा (IPV)* क्या है?

IPV में हिंसा का ऐसा कोई भी कार्य या हिंसा की धमकी वाला कार्य शामिल होता है जो यौन, डेटिंग, शादी, घरेलू या अन्य अंतरंग संबंधों में शामिल लोगों के बीच होता है। IPV में यौन हमला, छिपकर पीछा किया जाना और/या शारीरिक हमला शामिल है। IPV में भय और डरा करके किसी अन्य व्यक्ति पर सत्ता और नियंत्रण स्थापित करने के लिए प्रयुक्त व्यवहार का एक पैटर्न शामिल हो सकता है, या कि एक बार का आचरण शामिल हो सकता है। यह व्यवहार मौखिक, भावनात्मक, और/या शारीरिक हो सकता है।

## छिपकर पीछा करना (स्टॉकिंग)* क्या है?

स्टॉकिंग का मतलब किसी खास व्यक्ति पर निर्देशित ऐसे आचरण में संलग्न होना है जो कि किसी तार्किक व्यक्ति में अपनी सुरक्षा या दूसरों की सुरक्षा के लिए डर उत्पन्न करेगा, या व्यक्ति के लिए काफी बड़े भावनात्मक संकट का कारण बनेगा। स्टॉकिंग में ऐसे अवांछित, बार-बार वाले, या संचयी व्यवहार शामिल हैं जिससे धमकाने, या किसी अन्य व्यक्ति को डराने के अलावा कोई अन्य उद्देश्य नहीं सधता।

titleix.uconn.edu

* कपया ध्यान दें कि ये परिभाषाए UConn की नीतियो में निहित हैं और किसी कानन प्रवतन की कायवाही में समान मानक लाग नही होत ह।

## रिपोर्टिंग और जांचें

प्रभावित व्यक्तियों को सहायता और जांच के लिए पुलिस तथा यूनिवर्सिटी दोनों को रिपोर्ट करने के लिए दृढ़तापूर्वक प्रोत्साहित किया जाता है।
यूनिवर्सिटी की नीतियों और आचार संहिताओं का उल्लंघन करने वाले छात्र तथा कर्मचारी निष्कासन और/या सेवा-समाप्ति सहित अनुशासनात्मक कार्रवाई के विषयाधीन हो सकते हैं।
जीवित बचे शिकारों (पीड़ितों) को किसी भी जांच में आगे भाग लिए बगैर रिपोर्ट करने का अधिकार है।

आपको UConn से सहयोगी उपाय और संसाधन प्राप्त करने के लिए कोई औपचारिक शिकायत करने की कोई ज़रूरत नहीं है।

UConn पुलिस विभाग
सप्ताह के सातों दिन/दिन के 24 घंटे
860.486.4800 | publicsafety.uconn.edu

- परिसर के भीतर अपराधों की सभी आपराधिक जांचों के लिए ज़िम्मेदार
  विशिष्ट पीड़ित इकाई (Special Victims Unit) से एक अधिकारी को
- समूची जांच के दौरान जीवित बचे शिकार के साथ प्राथमिक संपर्क के रूप में असाइन किया जाता है।
- परिसर के बाहर के अपराधों के लिए, जांच हेतु राज्य या स्थानीय पुलिस ज़िम्मेदार हैं

सामुदायिक मानक कार्यालय (Office of Community Standards)
सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक, सोमवार – शुक्रवार
Wilbur Cross Building, Room 301
860.486.8402 | community.uconn.edu

- तब जांच करता है जब आरोपी व्यक्ति UConn का छात्र है या हो सकता है
- यूनिवर्सिटी से संपर्क-नहीं पत्रों (no-contact letters) को कानूनी जामा पहनाता है

संस्थानिक समता कार्यालय (Office of Institutional Equity) (OIE) और पद IX समन्वयक
सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक, सोमवार – शुक्रवार
Wood Hall, First Floor
860.486.2943 | titleix.uconn.edu
equity@uconn.edu

- तब जांच करता है जब आरोपी व्यक्ति UConn का कर्मचारी है
- UConn का पद IX समन्वयक इस बात के लिए ज़िम्मेदार है कि सभी रिपोर्टों का समाधान किया जाए

## गोपनीय संसाधन (परिसर के भीतर)

OIE को रिपोर्ट करने की आवश्यकता नहीं

छात्र का स्वास्थ्य और कल्याण
Studenthealth.uconn.edu
चिकित्सा देखभाल
कॉल पर एडवाइस नर्स 24/7* मौजूद: 860.486.4700
कार्यालयी घंटों के दौरान studenthealth.uconn.edu पर जाएं
हिल्डा मे विलियम्स बिल्डिंग 860.486.2719
(अपॉइंटमेंट डेस्क)

- जीवित बचे शिकारों के लिए संकट और अनुवर्ती देखभाल
- मुफ्त चिकित्सा जांच, दवाएं, STD टेस्टिंग, और परामर्श के लिए रेफ़रल
- यौन हमले की फ़ॉरेंसिक जांचों के लिए साइट (फॉल और स्प्रिंग सेमेस्टर)

** फॉल और स्प्रिंग सेमेस्टर्स के दौरान*

मानसिक स्वास्थ्य
थेरेपिस्ट 24/7* कॉल पर उपलब्ध: 860.486.4705
कार्यालयी घंटों के दौरान studenthealth.uconn.edu पर जाएं
Arjona Building
860.486.4705

- संकट संबंधी तात्कालिक हस्तक्षेप और थेरेपी
- थेरेपिस्ट तक अपॉइंटमेंट के ज़रिए, सीधे जाकर, या आपातकालीन घंटों के बाद पहुंचा जा सकता है

** सेमेस्टर और समर ब्रेक्स के दौरान, आपातकालीन सेवाएं सुबह 8:30 - शाम 4:30 बजे तक सोमवार – शुक्रवार उपलब्ध*

सुदृढ़ सहायता समूह (Stronger Support Group)
मुलाकात के समयों के लिए 860.486.4705 पर संपर्क करें

- UConn छात्र जीवित बचे शिकारों की मज़बूती और सशक्तीकरण के लिए गोपनीय, सहयोगी चर्चा समूह

**गोपनीय कर्मचारी** रज्य के कानून के अंतर्गत विशेषाधिकार प्राप्त संचार प्राप्त करने के हकदार हैं।

**अपवाद कर्मचारियों** के लिए कुछ संकीर्ण अपवादों के साथ जानकारी की रिपोर्ट करना आवश्यक नहीं है।

कर्मचारी की रिपोर्टिंग ज़िम्मेदारियों से संबंधित और अधिक जानकारी *भेदभाव, उत्पीड़न और संबंधित पारस्परिक हिंसा के विरुद्ध नीति में पाई जा सकती है*।

## गोपनीय संसाधन (परिसर के बाहर)

OIE को रिपोर्ट करने की आवश्यकता नहीं
सभी सेवाएं मुफ़्त और गोपनीय हैं।

यौन हिंसा के खात्मे हेतु कनेक्टिकट अलायंस (Connecticut Alliance to End Sexual Violence)

राज्यवार हॉटलाइन: 1.888.999.5545 (24/7) स्पेनिश हॉटलाइन: 1.888.568.8332 (24/7)

- संकट और अल्पकालिक परामर्श
- अस्पताल, पुलिस, और अदालती सहयोगी
- सूचना एवं संदर्भ सेवाएं, कानूनी सहायता सहित
- यौन हिंसा के जीवित बचे शिकारों के लिए सहायता

फॉल और स्प्रिंग सेमेस्टर 860.456.2789
ईस्टर्न कनेक्टिकट यौन हमला संकट केंद्र (Sexual Assault Crisis Center of Eastern Connecticut)

Waterbury Area - स्थानीय हॉटलाइन: 203.753.3613
ग्रेटर वाटरबरी का सुरक्षित आश्रय (Safe Haven of Greater Waterbury)

Torrington Area - स्थानीय हॉटलाइन: 860.482.7133
सुजेन बी. एंथनी प्रोजेक्ट (Susan B. Anthony Project)

Hartford Area - स्थानीय हॉटलाइन: 860.547.1022
YWCA यौन हमला संकट सेवाएं (YWCA Sexual Assault Crisis Services)

Stamford Area - स्थानीय हॉटलाइन: 203.329.2929
यौन आक्रमण संकट परामर्श एवं शिक्षा केंद्र (Center for Sexual Assault Crisis Counseling & Education)

घरेलू हिंसा के विरुद्ध कनेक्टिकट गठबंधन (Connecticut Coalition Against Domestic Violence) राज्यवार हॉटलाइन: 18.88.774.2900 (24/7) स्पेनिश हॉटलाइन: 18.88.831.9200 (24/7)

- घरेलू या डेटिंग संबंधी हिंसा के जीवित बचे शिकारों और छिपकर पीछा किए जाने के लिए सहायता
- 24-घंटे संकट परामर्श

हालांकि गैर-गोपनीय कार्यालयों में यूनिवर्सिटी के किसी कर्मचारी के साथ प्रभावित व्यक्ति की बातचीत को *निजी* (प्राइवेट) रखा जाएगा (अनावश्यक रूप से दूसरों के साथ साझा नहीं किया जाएगा), सिर्फ गोपनीय या फिर अपवाद वाले संसाधन के साथ वार्तालाप ही OIE को रिपोर्ट नहीं किए जाएंगे (जब तक कि प्रभावित व्यक्ति ही जानकारी को साझा करने का अनुरोध न करे)।

## अगोपनीय संसाधन (परिसर के भीतर)

OIE को रिपोर्ट करना आवश्यक

नीचे दिए कार्यालयों में से प्रत्येक:

- उपलब्ध संसाधनों और यूनिवर्सिटी की जांच प्रक्रियाओं को स्पष्ट कर सकता है तथा रिपोर्टिंग और जांच संबंधी मुलाकातों के दौरान सहयोगी उपलब्ध करा सकता है

छात्र कार्यालय के डीन (Dean of Students Office)
सुबह 8 - शाम 5 बजे तक, सोमवार – शुक्रवार
Wilbur Cross Building, Second Floor
860.486.3426 | dos.uconn.edu | dos@uconn.edu

- शैक्षिक और अन्य चिंताओं, कक्षा कार्यक्रमों (क्लास शेड्यूल्स) में संशोधन, परीक्षाओं के कार्यक्रम का पुनर्निर्धारण और भी बहुत कुछ सहित सहयोगी उपायों के क्रियान्वयन को लेकर सहायता करता है

आवासीय जीवन विभाग (Department of Residential Life)
आवासीय जीवन स्टाफ दिन के 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन कॉल पर उपलब्ध होते हैं
Whitney Hall, Garden Level 860.933.2220
| reslife.uconn.edu

- परिसर के भीतर आवास व्यवस्था की जानकारी प्रदान करते हैं

## अपवाद संसाधन (परिसर के भीतर)

OIE को रिपोर्ट करने की आवश्यकता नहीं

सांस्कृतिक केंद्र (CC) और महिलाओं का केंद्र
सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक, सोमवार – शुक्रवार
Student Union, Fourth Floor
African American CC | aacc.uconn.edu
Asian American CC | asacc.uconn.edu
Puerto Rican Latin American CC | latinx.uconn.edu
Rainbow Center | rainbowcenter.uconn.edu

महिलाओं का केंद्र (Women's Center)
860.486.4738 | womenscenter.uconn.edu

- जीवित बचे शिकारों के लिए लैंगिक पहचान पर ध्यान दिए बगैर पैरवी, सहायता, और रेफ़रल सेवाएं प्रदान करता है

इन-पावर सहायता समूह (In-Power Support Group)
मुलाकात समयों के लिए In-Power@uconn.edu से संपर्क करें

- छात्रों की अगुवाई वाला समूह एक लैंगिक रूप से समावेशी ऐसा समुदाय बनाने के लिए समर्पित जो जीवित बचे शिकारों (पीड़ितों) का उनकी उपचार प्रक्रिया में किसी भी बिंदु पर स्वागत करे